मुख्यमंत्री

राजस्थान

<u>संदेश</u>

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि श्री राजीव गाँधी कम्प्यूटर साक्षरता सोसाईटी, दिल्ली द्वारा ''राजीव गाँधी कम्प्यूटर साक्षरता मिशन योजना के माध्यम से गरीबों को कम्प्यूटर शिक्षा देने की व्यवस्था की जा रही है।

21 वीं सदी में सूचना प्रौद्योगिकी सर्वाधिक रोजगार सृजन की सम्भावनाओं वाला क्षेत्र है। विभिन्न संस्थाओं द्वारा भारी शुल्क लेकर दी जा रही कम्प्यूटर शिक्षा की तुलना में समिति द्वारा गरीब एवं कमजोर वर्ग को ''राजीव गाँधी कम्प्यूटर साक्षरता मिशन' के माध्यम से प्रशिक्षण एवं स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराना एवं रोजगार के साधन उपलब्ध कराने का प्रयास सामयिक है।

राजस्थान सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षा की योजना बनाई है। इस योजना का उद्‌देश्य शहर एवं गांव के विद्यार्थियों को समान रूप से भावी आवश्यकताओं के अनुरूप अवसर प्रदान करना है। मुझे विश्वास है कि समिति द्वारा प्रारम्भ 'राजीव गाँधी कम्प्यूटर साक्षारता मिशन' योजना मध्यम एवं कमजोर वर्ग के लोगों के लिए स्वावलम्बन एवं आर्थिक उत्थान में सहायक होगी। राजस्थान सरकार इस मिशन के सफल संचालन हेतु हर सम्भव योगदान प्रदान करेगी।

मैं इस समिति के इस प्रयास की सफलता के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं प्रेषित करता हूँ।

(अशोक गहलोत)